# 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स को दिया प्रशिक्षण

जयपुर | राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान में चल रहा स्टार्टअप कार्यक्रम कृषि उद्यमिता और स्टार्टअप कृषि उद्यमिता कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। 2 माह की ट्रेनिंग के बाद नियाम ने दीक्षांत समोराह का ऑनलाइन आयोजन किया। महानिदेशक पीके स्वेन ने सभी स्टार्टअप्स का हौसला बढ़ाया और प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिए। उन्होंने कहा की नियाम ने 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स को प्रशिक्षण दिया और ट्रेनिंग के दौरान स्टार्टअप्स के लिए इन्वेस्टर मीट का भी आयोजन किया गया, ताकि स्टार्टअप्स को अनुदान सहायता मिल सके। निदेशक डॉ. रमेश मित्तल ने कहा की चयनित उद्यमी को भारत सरकार से 25 लाख रुपए तक का अनुदान मिलेगा।